प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.08.2022 को छात्रसंघ चुनाव मतगणना को मद्देनजर यातायात व्यवस्था

दिनांकः- 26.08.2022

छात्रसंघ चुनाव मतगणना को लेकर जोधपुर शहर में स्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के यातायात एवं डाईवर्सन व्यवस्था निम्नानुसार रहेंगीं।

1. ओल्ड कैम्पस के पास शिव मन्दिर तिराहा से खास बाग तिराहा तक दोनों तरफ का यातायात पूर्णतः बन्द रहेगा। इस दौरान यहाॅ से गुजरने वाले आमजन के लिए मोहनपुरा पुलिया से शिव मन्दिर तिराहा, द-फर्न होटल चौराहा, सुभाष चौक की तरफ का यातायात चालू रहेगा।
2. ताराचन्द सर्किल से कमला नेहरू कॉलेज होते हुए पावटा चौराहा तक दोनों तरफ का यातायात बन्द रहेगा। इस दौरान यहाॅ से गुजरने वाले आमजन के लिये सर्किट हाउस से होकर मिल्ट्री हॉस्पीटल, रसाला तिराहा से पावटा चौराहा की दोनों तरफ का यातायात चालू रहेगा।
3. सेनापति भवन चौराहा से एमबीएम विश्वविद्यालय चौराहा तक तथा एमबीएम विश्वविद्यालय चौराहा से ग्रीन गेट चौराहा तक दोनों तरफ का यातायात बन्द रहेगा।
4. डाईवर्सन क्षेत्र के लिए पास के वैकल्पिक मार्ग व शहर के अन्य मार्ग यथावत चालू रहेगें।
5. डाईवर्सन क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को आवागमन में छुट रहेगी।
6. यातायात डाईवर्सन समय प्रातः 08.00 बजे से मतगणना समाप्ति तक जारी रहेगा।

अपील

आमजन से अपील की जाती हैं कि बालवाहिनी एवं आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता प्रदान करें व किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में - यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर

(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर